हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 24 मार्च 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु ...



07 समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 27 केंद्रों पर ट्रैक्टर...





## भाजपा नलखेड़ा मंडल की बैठक आयोजित हुई

**नलखेड़ा।** अबकी बार 400 पार एवं हर मतदान केंद्र पर पिछले लोकसभा चुनाव में प्राप्त मत से 370 वोट बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक गवली धर्मशाला में संपन्न हुई। सर्वप्रथम बैठक में अतिथियों द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा मंडल संरचना एवं पंच परमेश्वर के बारे में जानकारी प्रदान की। लोकसभा विस्तारक दिनेश भार्गव एवं विधानसभा बुथ प्रबंधन प्रभारी मनोज हाडा द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां कि इस बार लोकसभा चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने मतदान केंद्र पर 370 वोट अधिक प्राप्त करने के लक्ष्य को लेकर कार्य करना है एवं शक्ति केंद्र की बैठकों की योजना बनाकर शक्ति आगामी दो दिनों में शक्ति केंद्र की बैठक एवं उसके बाद मतदान केंद्र की बैठक के बारे में दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में विधानसभा विस्तारक सतीश चंदेल, जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, सह कार्यालय मंत्री मोहन नागर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवनारायण भिलाला, पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल परमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम पाटीदार, लाभार्थी संपर्क प्रमुख रमेश पाटीदार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान शक्ति केंद्र के पंच परमेश्वर एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हरिभूमि पड़ताल : सुध नहीं ली तो इतिहास बनकर रह जाएगी प्राचीन विरासत, धरोहर हो रही खंडहर में तब्दील

# आगर जिले का प्राचीन किला हो रहा दुर्दशा का शिकार, सिंधिया वंश ने करवाया था निर्माण



राजेंद्र सकलेचा ⏭ नलखेड़ा

नलखेड़ा नगर आजादी के पूर्व ग्वालियार रियासत का एक सूबा था। जहां पर रियासत की ओर से नगर में एक मजबूत व विशाल किले का निर्माण करवाया गया था। साथ ही कई बावडियो का निर्माण भी करवाया गया था। रियासत की ओर से नगर में एक सूबेदार की नियुक्ति भी उस समय की गई थी। लगभग 5 बीघा क्षेत्र में चारों ओर ऊँची-ऊँची दिवारें और विशालकाय 6 बुरंज जिसमें बारूदी तोपे रखी जाती थी। इसी के साथ परकोटे (दरवाजे) भी बनाए गए थे। पुरातत्व महत्व के इस किले की आज तक किसी भी विभाग द्वारा साज-सम्हाल न करने से नगर की यह प्राचीन धरोहर खंड़हर के रूप में तब्दील हो रही है।

नगर में स्थित ग्वालियर रियासत का प्राचीन किला अनदेखी के चलते जर्जर होकर अपना अस्तित्व खोने जा रहा है। नगर में इस प्राचीन विरासत की दीवार का एक बड़ा हिस्सा कुछ वर्ष पूर्व गिर गया था। इसके बावजूद अभी तक किले की सुध नहीं ली गई है। बड़ी व ऊंची दीवारों से घिरा यह किला समय के साथ जर्जर हो रहा है। इसकी दीवारें कई जगह से टूट कर गिर रही है। वहीं बीते साल बारिश के दिनों में किले की एक बड़ी दीवार भी भर-भरा कर गिर चुकी है। नगर की किला रूपी भव्य अनमोल धरोहर जीर्ण-शीर्ण होकर वर्तमान समय में अनदेखी की शिकार हो रही है।

नगर की इस प्राचीन धरोहर पर आज तक पुरातत्व विभाग की नजरें इनायत न होने से यह किला अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। पूर्व में इस किले के अंदर तहसील कार्यालय व तहसीदार का आवास, पीडब्लूडी का आफिस व उपयंत्री का निवास, बालक छात्रावास के साथ शासकीय अस्पताल लगता था। वहीं किले के अंदर नगर पालिका द्वारा जल प्रदाय हेतु एक बड़ी टंकी का निर्माण भी करवाया गया । पूर्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा इस किले के अंदर कार्यरत शासकीय विभागों के भवनों की मरम्मत करवाई जाती थी। परन्तु जब से नगर से इस विभाग का कार्यालय बंद हुआ तभी से इस किले की कोई देखरेख नहीं कर रहा है।






## मोतीवाले महाराज माधवराव सिंधिया ने करवाया था निर्माण

नगर के बुजुर्ग नारायण पाटीदार ने बताया कि उक्त किले का निर्माण ग्वालियार रियासत के समय पर करवाया गया था। उस समय श्रीमंत माधव महाराज (मोती वाले) शासक थे। जिन्होंने खांड़ेराव सा. को यहां का सूबेदार बनाया गया था। उस समय किले में न्यायालय, सब रजिस्टार कार्यालय के साथ अन्य विभाग व जेल भी बनी हुई थी। आजादी के बाद इस परिसर में शासकीय अस्पताल भी लगने लगा। पाटीदार ने बताया कि सूबेदार का निवास भी किले में ही था। जिनके द्वारा समीप ही नीलकंठेश्वर महादेव का मंदिर का निर्माण करवाया गया था। सूबेदार प्रतिदिन इस मंदिर पर दर्शन के लिए जाते थे। ग्वालियार रियासत के समय ही इन्ही सूबेदार द्वारा नगर के नयापुरा में बाईसा (महारानी) के नाम पर एक मंदिर व एक बड़ी कुण्डी (पानी का कुंआ) का निर्माण भी करवाया गया था, जो आज भी मौजूद है। सूबेदार के देहान्त के बाद मां बगलामुखी मंदिर के समीप उनकी एक बड़ी छतरी भी बनाई गई थी।

### निर्माण के बाद से नहीं हुई मरम्मत

इतने सारे शासकीय विभाग इस किले में कार्यरत रहने के बावजूद इस किले पर किसी भी विभाग का आधिपत्य न होने से उस समय भी इसकी देखरेख व मरम्मत का कार्य किसी भी विभाग द्वारा नहीं करवाया गया। जिसके चलते वर्तमान में इस किले की दीवारें व बुरंज कई स्थानों से जर्जर होकर इसके गिरने का अंदेशा बना हुआ है। किले की दीवारों में कई स्थानों पर बड़े वृक्ष भी खड़े हो गये हैं, जो दीवारों को खोखला बना रहे हैं। वहीं पुरानी तहसील के भवन तथा तहसीलदार निवास के भवन में लगी कई सामग्री जिसमें खिड़की, दरवाजे, सीमेंट की चददर आदि सामान अज्ञात लोग चुराकर ले गए। जिसके कारण यह भवन भी खंड़हर में तब्दील हो गया है।



### विशालकाय बुरंज के ढहने का खतरा

किले का मुख्य द्वार भी क्षतिग्रस्त होकर कई स्थानों से उसका हिस्सा ढ़ह गया हैं। इस पूरे किलें में चारों ओर 6 विशालकाय बुरंज का निमार्ण भी किया गया था जिसमें गोविंदपुरा वाले मार्ग पर एक बुरंज पूर्व में पूरी तरह ढ़ह जाने से उसे जमींदोज कर दिया गया था। जबकि नीलकंठेश्वर मंदिर वाले मार्ग पर श्री राम मंदिर के सामने स्थित बुंरज में काफी चौड़ी व लम्बी दरारे पड़ गई तथा कुछ स्थानों से उक्त बुंरज का हिस्सा भी टूट कर गिर गया है। इस बुंरज वाले मार्ग पर नागरिकों का बड़ी तादात में आवागमन बना रहता है। बुंरज क्षतिग्रस्त होने से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### प्राचीन धरोहर को सहेजने के लिए उठाए कदम

प्रदेश सरकार द्वारा पुरातत्व धरोहर एवं पर्यटन क्षेत्रों को सहेजने के लिए करोड़ो रुपये प्रतिवर्ष खर्च किये जाते हैं। वही शासन द्वारा मां बगलामुखी की इस नगरी को धार्मिक व पर्यटन नगरी घोषित कर यहां करोड़ो रुपये के विकास कार्य करवाये गये हैं। लेकिन नगर में पुरातत्व महत्व की इस धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए शासन व प्रशासन स्तर पर अभी तक कोई सुध नहीं लिए जाने से यह किला खंड़हर के रूप में तब्दील होता जा रहा है।

### कार्य योजना बनाई जाएगी

नलखेड़ा नगर में स्थित प्राचीन किले की मरम्मत व देख-रेख का प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा, ताकि किला खंडहर में तब्दील न हो पाए और प्राचीन धरोहर सुरक्षित रह पाए। इसी के साथ नगर परिषद से चर्चा कर इसके विकास के लिए कार्य योजना बनवाई जाएगी।

**मिलिंद ढोके,** एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा

### नगर परिषद की ओर से लिखा जा चुका है पत्र

इस संबंध में संबंधित वार्ड पार्षद गोवर्धन वेदिया ने बताया कि नगर की प्राचीन धरोहर के खंडहर में तब्दील होने तथा इसकी मरम्मत कार्य करवाए जाने के लिए उनके द्वारा एसडीएम नलखेड़ा सुसनेर को पूर्व में अवगत करवाया जा चुका है। वहीं नगर परिषद की ओर से भी संबंधितों को पत्र भेजे गए हैं। लेकिन आज तक इस किले की मरम्मत का कार्य किसी भी विभाग द्वारा नहीं करवाया जा रहा है। वेदिया ने बताया कि पुराने अस्पताल के चढ़ाव के समीप इस किले की एक दीवार कुछ वर्ष पूर्व भर-भरा कर ढ़ह गई थी। गनीमत रही कि उस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। दीवार के गिरने के बाद उस समय मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इसकी मरम्मत करवाए जाने की बात कही गई थी लेकिन आज तक यह कार्य नहीं करवाया गया है। जिसके चलते हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### आगर जिले में नहीं है पुरातत्व विभाग का कार्यालय

आगर जिले में ऐसे अनेक पुरातात्विक व धार्मिक महत्व के स्थान हैं। जहां पर बड़ी संख्या में आसपास व दूरदराज से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इन स्थानों की सुरक्षा व देखरेख कर उन्हें अच्छे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिए आगर जिले में जिला बनने के 10 वर्ष से अधिक बीत जाने के बावजूद जिले में पुरातत्व विभाग का कोई कार्यालय नहीं है। जिसके कारण प्राचीन धरोहर की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। नगर के इस प्राचीन किले की मरम्मत व देखरेख के लिए जब इस प्रतिनिधि ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालिक यंत्री उसपारिया से जानकारी के लिए मोबाइल से फोन लगाया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

## होली पर्व पर विभिन्न स्थानों पर होगा होलिका दहन

**महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में होली का पावन पर्व आज बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार देर शाम से जहां महिलाओं द्वारा होलिका पूजन कर परिवार में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाएगी। वहीं सोमवार प्रातःकाल में होलिका दहन किया जाएगा, जहां पर बड़ी संख्या बच्चों एवं महिलाओं द्वारा होलिका की ताप ली जाएगी। नगर में रंग-गुलाल की मस्ती और हर्ष का त्यौहार होली पारंपरिक उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाएगा। होलिका दहन स्थलों पर पूर्णिमा के दिन शाम होते ही महिलाओं और बालिकाओं की भीड़ उमडने लगेगी, जहां उनके द्वारा होलिका की पूजा-अर्चना कर जल चढ़ाया जा कर मन्नते मांगी जाएगी।

रविवार को नगर के प्रमुख चौराहों व गली-मोहल्लो में लगभग 20 से अधिक स्थानों पर होलिका सजाई जावेगी। जहां पर महिलाओं द्वारा शाम होते ही पूजन का क्रम प्रारंभ हो जाएगा तथा सोमवार सुबह होते-होते सभी स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन के इस अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लो व चौराहो पर होलिका दहन स्थलो को विद्युत रोशनी व पुष्पो आदि से सजाया जावेगा वहीं कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

### कई समाजों द्वारा निकाली जाएगी गेर

नगर में विभिन्न समाजों द्वारा परंपरा का निर्वहन करते हुए धुलेंडी के दिन गेर निकाली जाएगी। जिसमें अलग-अलग समाजों के लोग एक स्थल पर एकत्रित होकर गमी वाले परिवार के घर रंग डालने के लिए जाएंगे। नगर में जैन समाज, स्वर्णकार समाज, खंडेलवाल समाज, माली समाज, गवली समाज, पाटीदार समाज, अग्रवाल समाज, दर्जी समाज, राठौर समाज सहित अन्य समाजों द्वारा सोमवार प्रातः नगर में गेर निकाली जाकर गमी वाले घरों पर पहुंचेंगे, जहां उनके द्वारा परिवार सहित रिश्तेदारों को भी रंग डाला जाएगा।

## परंपरा : भक्त के घर होली खेलने आते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में वर्षों से अनूठी परंपरा चली आ रही है। इसके तहत भगवान श्री बांकेबिहारी अपने विमान (डोल) में विराजित होकर मंदिर से गाजे-बाजे व भक्तों के साथ अपने भक्त के घर धुलेंडी पर्व की रात्रि को होली खेलने के लिए पहुचंते हैं। जहां पर भक्त का परिवार व अन्य लोगों द्वारा राधाकृष्ण के साथ हर्षोल्लास व उमंग के साथ फूलों व रंगों से होली खेली जाती है। स्थानीय नाना बाजार स्थित नामदेव समाज के राधाकृष्ण मंदिर से प्राचीन परंपरा अनुसार धुलेंडी पर्व 25 मार्च को भगवान बांके बिहारी को (ठाकुर जी) सुसज्जित विमान में विराजित कर गाजे-बाजे के साथ जुलुस के रूप में भक्तगण निकलेंगे। जुलुस मार्ग पर अशोक मार्ग पर स्थित श्रीराम मंदिर सेन समाज द्वारा ठाकुर जी की अगवानी कर जुलुस में शामिल भक्तों का स्वागत किया जावेगा। इसके बाद भगवान का यह जुलुस भजन-कीर्तन करते हुए चौक बाजार होते हुए पांडिया कॉलोनी स्थित पालीवाल परिवार के निवास स्थान पर पहुंचेगा।

**धुलेंडी पर्व पर होगा आयोजन**



### फाग उत्सव मनाएंगे

जहां पर परिवार के साथ नगरवासियों व भक्तों द्वारा ठाकुरजी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा तथा ठाकुर जी के साथ होली खेलकर फाग उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी होगा, जो पूरी रात्रि चलेगा। अगले दिन प्रातः ठाकुर जी पुनः अपने मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। ज्ञात रहे कि नगर का एकमात्र पालीवाल समाज का यह परिवार उक्त पुरानी परंपरा कर निर्वहन कई पीढ़ियों से करता आ रहा है।



## होली पर्व को लेकर खांडे बेचने वाले पहुंचे हाट बाजार में

**नलखेड़ा।** भारत देश पर्वों व त्यौहारों का देश है, यहां हर दिन कोई पर्व होता है, जिसे देशवासी अपनी पुरातन परंपराओं के अनुसार मनाते हैं। ऐसी ही एक पुरातन परंपरा है होली दहन की अग्नि से खांडे (लकड़ी की तलवार) जलाने की। घर परिवार के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों को शकर के बने गहने पहनाकर होली तपवाने ले जाते है जहाँ उन बच्चों के हाथों इस लकड़ी के खांडे को होली की अग्नि में थोड़ा सा जलाकर घर ले जाते हैं। होली पर्व के एक दिन पूर्व शनिवार को हाट बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में इस प्रकार के खांडे बेचने वाले पहुंचे है। इनके द्वारा बच्चों के लिए खांडे बेचे जा रहे थे। इसी परंपरा के निर्वहन के लिए लोगों द्वारा भी अपने बच्चों के लिए खांडे की खरीदी की गई।

### रंग-बिरंगी लकड़ी की तलवारों और शकर से निर्मित हार की हुई खरीदी


# रंग बिरंगे रंगों और पिचकारियों से सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

रंगों का त्योहार होली को लेकर बाजार सज धज कर रंगीन नज़र आने लगे हैं। होली पर्व को लेकर लोगों में अलग उत्साह देखने को मिलता है। बच्चे और युवक युवतियों द्वारा रंगों का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है। हर गली मोहल्ले में टोलियां बनाकर बच्चे मौज में झूमते नजर आते हैं। इसी को लेकर बाजारों में तरह तरह के रंग और पिचकारियां उपलब्ध हैं। इन्हे खरीदने के लिए ग्राहकी भी शुरू हो गई है। बच्चों के लिए कार्टून वाली पिचकारी के अलावा प्रेशर गन, पंप, टैंक और खासकर बलून बाजार में आए हैं। वहीं बाजार में पारंपरिक रिवाज के रूप में होली के दहन में उपयोग की जाने वाली लकड़ी से बनी रंग बिरंगी तलवार व बच्चों को पहने जाने वाली शकर से निर्मित हार मालाओं का बाजार सजा हुआ है। लकड़ी से बनी रंग बिरंगी तलवार जिनको देसी भाषा में खंडिया भी कहते हैं जो हाट बाजार में खूब बिकी। इनकी कीमत इस बार 10 रुपए रही।

आज होगा होलिका दहनः- नगर में जगह-जगह चौराहो पर रविवार शाम को होलिका सजाई जाएगी और रात में महिलाएं पूजन करेंगी। जिसके बाद होली दहन समिति द्वारा होलिका जलाई जाएगी।





**खबर संक्षेप**

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन के जांच दल ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने




**देवास।** होली के त्यौहार को देखते हुए देवास जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन के जांच दल द्वारा नमूने लेने की कार्यवाही की जा रही है। निर्मला सोमकुंवर अभिहित अधिकारी ने खाद्य कारोबारकर्ता, मिठाई विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि होली के त्यौहार पर ताजी बनी हुई मिठाईयों एवं शुद्ध खाद्य पदार्थों का ही विक्रय करें। शुद्ध खाद्य पदार्थों का ही निर्माण एवं विक्रय करें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के जांच दल ने देवास में पटेल डेयरी उत्तम नगर इटावा देवास से मिश्रित दूध (लूज), श्री सांवरिया सेठ मिल्क कार्नर मेन रोड़ बावड़िया देवास से घी (लूज), महावीर मिल्क कार्नर बावड़िया मेन रोड देवास से मिश्रित दूध (लूज) एवं श्री नारायण दूध डेयरी भगतसिंह मार्ग मीरा बावड़ी देवास से मिश्रित दूध (लूज) व घी (लूज) के लीगल नमूनें लिये एवं खातेगांव में दिलखुश स्वीट्स नमकीन एण्ड बेकरी खातेगांव से मिल्क केक (लूज) व मलाई बर्फी (लूज) के लीगल नमूनें एवं मावा और पेड़ा के सर्विलेंस नमूने लिये एवं कन्नौद में मेव दूध डेयरी आष्टा रोड़ कन्नौद से मिश्रित दूध (लूज), गोपाल कचोरी महात्मा गांधी मार्ग कन्नौद से लस्सी (लूज) व मावा कतली (लूज) के लीगल नमूने एवं मलाई बर्फी (लूज) व इमरती के सर्विलेंस नमूनें लिये जाकर सभी नमूनें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए।


### उमंग ग्रुप ने मनाया फाग उत्सव

**देवास।** सनातन धर्म की परंपरा अनुसार होलाष्टक से प्रारंभ हुए रंग गुलाल के उत्सव मे भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेलने के लिए उमंग ग्रुप देवास की सखियों ने फाग उत्सव मनाया। सभी सखियों ने रंग गुलाल व फूलों से कृष्ण भजनों की ताल पर नृत्य का आनंद लिया। उक्त कार्यक्रम में डिंपल ललित सोनी, वंदना निंबालकर, सपना रघुवंशी, कोमल गुर्जर, रीना शाह, रीना चौधरी, ऐश्वर्या गुप्ता, पूजा जैन, पुष्पा राजपूत, शकुंतला सोनी, मोनिका राणा, कल्पना सिंह, अनीता मंत्री, नम्रता कसेरा, ममता अग्रवाल एवं विनीत गौतम ने आनंद और उत्साह से भाग लिया।

### शहीद दिवस के अवसर पर शहर भर में किया गया श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी शहादत को किया याद








### शनिवार के दिन विभिन्न राजनीतिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, युवा संगठनों द्वारा शहीद दिवस मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में शनिवार को शहीद दिवस मनाया गया। शहीद दिवस भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत की याद में मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1931 में युवा स्वतंत्रता सैनानियों को फांसी पर लटकाया था। देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदों की श्रद्धांजलि में यह दिन मनाया जाता है। देश के इतिहास में 23 मार्च का दिन बेहद अहम है। आज शहर में शहीदों के सम्मान और उनके बलिदान की याद में शहीद दिवस मनाया गया। सन् 1931 में 23 मार्च के ही दिन अंग्रेजों ने भारत के युवा स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को फांसी पर लटकाया था। वीर शहीदों ने आजादी की लड़ाई में हंसते-हंसते अपनी कुर्बान कर दी थी। शनिवार के दिन विभिन्न राजनीतिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, युवा संगठनों द्वारा शहीद दिवस मनाया गया।

### सुरक्षा समिति ने मनाया शहीद दिवस

भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के मातृभूमि के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कम उम्र में ही देश के लिए कुछ कर गुजरने का ऐसा जज्बा बहुत ही कम देखने को मिलता है। ये तीनों हंसते-हंसते हुए फांसी के फंदे पर चढ़ गए। आज हमें अमर शहीदों के बताए रास्तों पर चलते हुए देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। गजरा



गियर्स चौराहा स्थित अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान ये विचार नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिलसिंह बैस ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा आज के ही दिन 23 मार्च को तीनों अमर शहीदों को अंग्रेजों ने फांसी दी थी। ये अमर क्रांतिकारी हमें देश के प्रति कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरणा देते हैं। युवाओं को चाहिए, कि वे अमर शहीदों के बताए रास्तों पर चलकर देश की प्रगति में अपना योगदान दें। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीदों के बताए रास्तों पर चलकर देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया। समिति के विनोदसिंह गौड़, सुभाष वर्मा, विजयसिंह तंवर, अनूप दुबे, सुनीलसिंह ठाकुर, सुरेश रैकवार, उमेश राय, सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

### माल्यार्पण कर किया सुंदरकाण्ड का वितरण

देश को आजाद कराने मे अपने प्राणो की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की पुण्यतिथि पर गजरा गियर्स चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर रणवीर हनुमान मंडल के अध्यक्ष अशोक जाट, राजेश बारोड़, मुकेश सोनी, महेन्द्र सोनी, सत्यनारायण पटेल, अंकित यादव, अभिषेक वर्मा, बलराम, रामगोपाल सोलंकी ने पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा सुंदरकाण्ड का वितरण किया।

### शहर कांग्रेस ने मनाई पुण्यतिथि

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान अंग्रेजों ने देश के सारे इंस्टीट्यूशन अपने अधीन कर लिए थे उनके अनुसार वे काम करते थे क्रांतिकारियों के साथ व देश के लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार होता था। इसके विरोध में युवा क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु जैसे अनेक युवाओं ने अपनी आवाज उठाई उनकी आवाज को दबाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें फांसी की सजा दे दी। वही देश के हजारों नागरिकों को जैल में कैद कर दिया गया। वही स्थिति आज निर्मित हो रही है सारे इंस्टीट्यूशन आज की सरकार के अधीन है वह सब सरकार के अधीन काम कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलाता रहा तो हमें इन युवा क्रांतिकारीयो से प्रेरणा लेकर एक और आजादी की लड़ाई लड़ना पड़ेगी। उक्त विचार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी ने गजरा गियर चौराहा स्थित शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर क्रांतिकारियों को याद करते हुए कहे । इसी के साथ कहा कि उस समय देश खतरे में था आज प्रजातंत्र खतरे में हैं हमे सजग रहना पड़ेगा। सर्वप्रथम कांग्रेस अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने युवा क्रांतिकारीयो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किया साथ ही 2 मिनट का मोन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की । कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष ,प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार सुनील सोलंकी ने माना। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नजर शेख राहुल पवार संजय कहार प्रदीप बनाफर डा मुन्ना सरकार उमेश कहार राजेश गोदिया मुकेश झारेवाला शुभम सोलंकी विष्णु अग्रवाल जयप्रकाश मालवीय संजय रैकवार देवेंद्र बाबा महेंद्र सिंह ठाकुर मनोहर कुंभकार सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया शहीदों को नमन

देवास। देश में क्रांति लाने वाले वीर शहीद भगत सिंह जी, सुखदेव जी व राजगुरु जी के शहीदी दिवस पर गजरा गियर्स चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर भारतीय जनता पार्टी ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत, पार्षद शीतल गेहलोत, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल गोस्वामी, सत्यनारायण संघवी, विधान अग्रवाल, अभिराज चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद ने किया शहीदों को नमन

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद जिला देवास द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार ने बताया कि आज के दिन उन्हें अंग्रेजों ने फासी दी गयी थी। उन्होंने भारत मां के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया था, देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश मालवी, वरिष्ठ नेता भागीरथ सिंह सोलंकी राजपूतिया, जितेंद्र राजपूतिया आदि उपस्थित थे।

**चित्रकार देव्यानी की रंगोली प्रदर्शनी 24 से 25 मार्च तक** : देवास। युवा शहीद भगतसिंह क्लब के संयोजक अशोक कहार ने बताया कि रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर चित्रकार कलाकार देव्यानी चयन जोशी की कलात्मक एवं आकर्षक दो दिवसीय रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन 24 एवं 25 मार्च को स्वर्णकार धर्मशाला के सामने शालिनी रोड़ पर संध्या 7 बजे से आपके आगमन तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गायत्री राजे पवार एवं विशेष अतिथि महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, सभापति रवि जैन,पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, समाजसेवी रमेश अग्रवाल,भाजपा वरिष्ठ नेता विजय पंडित होंगे।

## अच्छी पहलः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सांझी रसोई अंतर्गत शुरू की निःशुल्क टिफिन सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र के निर्देशन में न्यायिक परिवार देवास द्वारा अनूठी पहल का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत संस्था मानस के समन्वय से न्यायिक परिवार द्वारा बीमार, गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए सांझी रसोई अंतर्गत निःशुल्क टिफिन सेवा का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय देवास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि ''नर सेवा नारायण सेवा'' के उद्देश्य से सांझी रसोई की निःशुल्क टिफिन सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके द्वारा अब असहाय, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद



लोगो को घर बैठे घर का बना हुआ स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। जो कि अत्यंत पुण्य का कार्य होकर मानव सेवा का कार्य है। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास निहारिका सिंह ने बताया कि सांझी रसोई की निःशुल्क टिफिन सेवा का शुभारंभ आज किया गया है। जिसमे आज न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा घर का बना हुआ स्वादिष्ट खाना टिफिन के माध्यम से संस्था मानस के चलित वाहन को उपलब्ध कराया गया है। आमजन भी अपने एवं परिजनों के जन्मदिवस, शादी की सालगिरह, परिजनों की पुण्यतिथि/श्राद्धपक्ष जैसे अवसरों पर घर पर बना हुआ भोजन तैयार कर एक या अधिक टिफिन के माध्यम से संस्था मानस के चलित वाहन को उपलब्ध करा कर पुण्य अर्जित कर सकते हैं। जिन्हें भोजन की आवश्यकता है अथवा जो भोजन देना चाहते है भोजन के टिफिन उपलब्ध कराये जाने हेतु संस्था मानस मोबाईल नंबर 98273-39008 और 98270-48617 पर संपर्क कर सेवा के सहभागी बन सकते हैं। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, सविता सिंह, एडीजे मनीष सिंह ठाकुर, सोनल पटेल, डॉ. महजबी खान, शिवकुमार कौशल, यशपाल सिंह, अनुसिंह, रविकांत सोलंकी सीजेएम देवास सहित अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल, न्यायिक कर्मचारीगण, चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस, पैरालीगल वॉलेंटियर्स पक्षकारगण आदि उपस्थित थे।

## मीठा तालाब पर विश्व जल संरक्षण दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास एवं नगर निगम देवास के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण एवं संवर्धन एवं जलीय जीव जंतुओं का संरक्षण के लिए मीठा तालाब देवास पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। आयोजित हुए शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल ने कहा कि जल ही जीवन है इसका संरक्षण अति आवश्यक है




जहां जल की कमी हो रही है उसको ध्यान रखते हुए हमें संरक्षण हेतु जागरूक करना जरूरी है एवं जलीय जीव का संरक्षण भी साथ में आवश्यक है कि हम उपस्थित जल स्त्रोतों का सफाई हेतु ध्यान रखें। उसमें किसी प्रकार का कचरा या अन्य दूषित करने वाली सामग्री जल स्त्रोतों में ना डाले। शिविर में तालाब की सफाई एवं तालाब के आसपास के किनारो की सफाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं पैरालीगल वालेंटियर द्वारा की गई। जल संरक्षण संवर्धन हेतु शपथ ली गई उपरोक्त कार्यक्रम में नगर निगम की से इंदु भारती, दिलीप मालवी, सामाजिक संस्था स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर एवं नगर निगम के अन्य कर्मचारीगण और पैरा लीगल वॉलिंटियर ऊषाफुल माली, फिरोज अहमद सिद्दीकी, घनश्याम मोदी आदि जन उपस्थित थे।

### लोडिंग वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी टक्कर

**देवास।** जामगोद फौजी ढाबे के पास एक मैजिक लोडिंग वाहन ने लापरवाहीपूर्वक अपना वाहन चलाते हुए पीछे से एक बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति को चोट लगी है, जबकि दूसरी ओर मैजिक चालक का हादसे में हाथ का अंगूठा अलग हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद मैजिक चालक को इंदौर रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात की है। जिसमें अरुण (27) घायल हो गया जबकि उसकी पत्नी सोना व आरुष को मामूली चोट लगी है। वहीं दूसरी ओर मैजिक में दो व्यक्ति सवार थे जिसमें चालक राहुल का हादसे में हाथ से अंगूठा अलग हो गया जिसे जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने इंदौर रेफर किया जबकि उसके साथी राकेश को हाथ में मामूली चोट लगी है।

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर छह प्रकरण किए दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर देवास जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में वृत्त सोनकच्छ में भौरासा में डेरो में आबकारी टीम ने कार्यवाही की। कार्यवाही में 110 लीटर हाथ भट्टी एवं 4200 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया ।लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया, कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण धारा 34(1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए, जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 04 लाख 42 हजार रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक निधि शर्मा राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, , उमेश स्वर्णकार, डी पी सिंह, दिनेश भार्गव, विजय कुचेरिया , कैलाश जामोद तथा आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया ,राजाराम रायकवार, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, राजेश जोशी, विकास गौतम, नितिन सोनी, अरविन्द जिनवाल गोविंद बड़वादिया निकिता परमार और नगर सैनिक शामिल थे।

### नगर के सशक्त कलमकार तंवर का मनाया 16वां पुण्य स्मरण दिवस, कई हुए शामिल

# गागर में सागर भरने वाले बेबाक कलमकार थे तंवर बाबुजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

क्षेत्र व नगर के सशक्त कलमकार व जिला पंचायत के पूर्व सदस्य स्वर्गीय घनश्याम तंवर की 16 वी पुण्यतिथि के अवसर पर गीता गंगेश्वरी पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी, सुर्य प्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र ईनाणी,विजय यादव, राजेश बजाज,अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र पाटीदार, कुणाल चौधरी,पूर्व पार्षद जस्सू राठौर, राजेन्द्र पाल सिंह सेंगर, सुश्री शीला राठौर, राजेश तंवर, मकरंद तंवर,शुभम गोस्वामी, राहुल विश्वकर्मा, ठाकुर तंवर तथा महेंद्र तंवर, रोटी बैंक की शोभा गोस्वामी, सुनिता उदावत, प्रमिला तंवर सहित सभी उपस्थित जनों ने श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुए तंवर जिन्हें बाबू जी के नाम से पुरे क्षेत्र में संबोधित किया जाता था को सजग और निर्भीक कलमकार बताते हुए




उनके बेबाकी के किस्सों के यादकर उन्हें शिद्दत से याद किया गया।इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में आखिर में छोटी सादड़ी (राजस्थान) के अंतराष्ट्रीय टी वी कलाकार लाफ्टर शो के कवि राणा राजस्थानी ने पन्ना धाय के बलिदान पर कविता सुनाकर अपनी ओर से तंवर को काव्यांजलि प्रदान की। इसी श्रृंखला में आज तंवर परिवार की ओर से ब्रह्मलीन मुकुन्द मुनि पं. रामाधार द्विवेदी की भी पुण्यतिथि होने पर उनके व तंवर की स्मृति में जटाशंकर तीर्थ के बाबा केशव दास महाराज के चित्र सहित प्रकाशित 10 हजार बड़े लिफाफे उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की सुविधा के लिए एक्स-रे फिल्म सुरक्षित रूप से रखने के लिए रोटी बैंक आनंद क्लब के माध्यम से पं कनिष्क द्विवेदी के कर कमलों से समारोह पूर्वक चिकित्सा विभाग को भेंट किए गए तथा भर्ती मरीजों को फल का वितरण किया गया। दोनों आयोजनों में नगर के गणमान्यजन तथा जनप्रतिनिधि, पत्रकार, चिकित्सक तथा समाज सेवी महिला - पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त दोनों आयोजनों का संचालन अभिव्यक्ति मंच आनंद क्लब के वारिस अली ने किया तथा आभार गोस्वामी तथा चौधरी ने माना।

**खबर संक्षेप**

### 25 मार्च को मनाया जाएगा होली पर्व

**आष्टा।** इस वर्ष आष्टा नगर में, होली का महत्वपूर्ण त्योहार सोमवार, 25 मार्च को मनाया जाएगा। जबकि होली से एक दिन पहले, 24 मार्च की मध्यरात्रि उपरांत होलिका दहन किया जाएगा। रविवार, 24 मार्च को प्रदोषकाल उपरांत होलिका का पूजन किया जायेगा। ज्योतिषाचार्य पं डा दीपेश पाठक ने बताया की होली का मुहूर्त 24 मार्च को शाम 7.19 बजे से रात 9.38 बजे तक रहेगा, जबकि अगले दिन लोग दोस्तों और परिवार के सदस्यों को रंग लगाकर होली खेल सकते हैं। नगरपुरोहित पं मनीष पाठक ने बताया की होली के पहले दिन लोग बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में लकड़ियों का ढेर जलाते हैं। पूजा के लिए आवश्यक वस्तुओं में कच्चा सूती धागा, नारियल, गुलाल पाउडर, सिन्दूर, अक्षत (चावल के दाने), अगरबत्ती और फूल, बताशा (चीनी पाउडर से बनी मिठाई), हल्दी और एक कटोरा पानी शामिल हैं। हालाँकि, होलिका दहन पूजा के लिए, लोगों को कच्चे सूती धागे की आवश्यकता होगी जो लकड़ी के ढेर के चारों ओर तीन या सात बार बांधे जाते हैं। इसके बाद उस पर फूल और सिन्दूर के साथ गंगाजल छिड़का जाता है। पं पाठक ने बताया की होली पर लगने वाले इस चंद्र ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा, जिस कारण से इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

## जिले में 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर शुरू हुई खरीदी

# समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 27 केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लगी लंबी कतार

किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के नीचे बैठ कर चिल-चिलाती धूप से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासन के निर्देश अनुसार 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरु होनी थी। लेकिन सर्वेयरों के खरीदी केंद्रों पर नहीं पहुंचने से खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है। क्षेत्र के 27 खरीदी केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गई हैं।

### गेंहू तुलवाकर बाहर रख दिया

किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के नीचे बैठ कर चिल-चिलाती धूप से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही राते भी यहीं गुजार रहे हैं। कुछ खरीदी केंद्रों पर किसानों का गेंहू तुलवा कर बाहर रखा दिया है। तुलवाया गया गेहूं गोदाम में नहीं रखा है। तोला गया गेहूं भी रिकॉर्ड की खरीदी में नहीं है, क्योंकि बिना सर्वेयर के गेंहू वेयरहाउस के गोदाम में नहीं रखाएगा। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने आरोप लगाया है कि एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है। दूसरी तरफ उन्हीं के शासनकाल में 2 दिनों से किसान क्षेत्र में परेशान हो रहा है। उनकी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं हो पा रही है।

### 27 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जाएगा

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भी इस संबंध में संबंधित अधिकारी और प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। प्राप्त जानकारी अनुसार आष्टा क्षेत्र में 27 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जाएगा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के निर्देश पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने जब जिले के अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सर्वेयर सभी केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। वह जब दुपाडिया खरीदी केंद्र पर पहुंची तो वहां सर्वेयर नहीं था। उन्होंने बताया कि किसानों को परेशानी नहीं होने देंगे। इसीलिए मैं मौके पर भी पहुंचकर व्यवस्था कराने में जुटी हूं। दो दिनों से किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर तुलवाने के लिए परेशान हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कैलाश परमार ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही किसानों की उपज समय रहते नहीं तुलवाई गई तो कांग्रेस आंदोलन करने में पीछे नहीं रहेगी।




# पुलिस ने तीन स्थाई और दो गिरफ्तारी वारंटियों को किया गिरफ्तार

**विभिन्न धाराओं के अपराधों में थे फरार**




**श्यामपुर।** श्यामपुर पुलिस ने कार्रवाई कर अपराधियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी सीहोर अनुभाग पूजा शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा कई वर्षों से विभिन्न धाराओं के अपराधों मे फरार 03 स्थाई व 02 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। 21-22 मार्च की रात्री मे थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा के निर्देशानुसार टीम बनाकर कोंबिंग गस्त की गई। दौराने कोंबिंग गस्त थान श्यामपुर क्षेत्र के आर.टी. 586/21 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट में फरार स्थायी वारंटी रवि वर्मा पिता इमरतलाल वर्मा उम्र 22 साल नि. खंडवा व एसपीएल न. 18/2022 धारा 135,138 विधुत अधिनियम में स्थायी वारंटी रामदयाल पिता भारतसिंह उम्र 32 साल नि. ग्राम गुलखेडी एवं एसपीएल न. 528/20 धारा 135 विधुत अधिनियम में स्थायी वारंटी मानसिंह पिता दयाराम उम्र 30 साल नि. ग्राम मुंजखेडा व आर.टी.न. 818/18 धारा 138 एन.आई. एक्ट में गिरफ्तारी वारंटी ओमप्रकाश पिता बल्देव सिंह दांगी उम्र 44 साल नि. ग्राम नोनीखेडी काजी तथा आर.टी. 318/21 धारा 457,380 भादवि में गिरफ्तारी वारंटी आत्माराम पिता नारायण सिंह नि. मगरखेडा को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय सीहोर पेश किए। सम्पूर्ण कार्रवाई मे थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उनि सुनिल कुमार द्विवेदी, आर. 753 पवन राजपूत, आर. 463 अमित नागर, आर. 771 महेश मीणा, आर. 707 भगवान सिंह यादव एवं आर.866 लोकेन्द्र दांगी की सराहनीय भूमिका रही है ।

### आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्देश दिये है कि जिले में लोसभा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए रूल ऑफ लॉ का पालन किया जाये। निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए और जिले के सभी शासकीय सेवकों से भी अपेक्षित आचरण किये जाना अनिवार्य है। यह आदेश 6 जून 2024 तक प्रभावशील रहेगा।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने मासिक सत्संग के साथ भंडारे का कार्यक्रम किया आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वाधान में एनएच-46 श्यामपुर स्थित आश्रम प्रांगण में मासिक सतसंग का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत भगवान शिव की महिमा पर आधारित सुंदर सतसंग विचारों में परम पूज्य गुरुदेव सर्वश्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी महादेवानन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि मानव की यात्रा शव-त्व से शिव-त्व की यात्रा है। इसे पूर्ण करने के लिए श्रोत्रिय बृह्मनिष्ठ गुरू की कृपादृष्टि से प्राप्त बृह्मज्ञान आधारित ईश्वर तत्व के साक्षात्कार द्वारा प्रारम्भ करके ध्यान साधना सतसंग सेवाकार्य से संलग्न होकर इस महान लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है । आयोजित हुए कार्यक्रम में सुंदर भजनों की प्रस्तुति के साथ में महाआरती की गई। कार्यक्रम के अंत में सतसंग में पधारे भक्तजनों ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया। इस बार की भण्डारा सेवा की व्यवस्था अजब सिंह दाँगी तिरूपति ट्रेंडिंग वालों की ओर से रही।

### ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष हुए नियुक्त





**आष्टा।** नगर की नवनिर्वाचित अलीपुर स्थित ईदगाह कमेटी आष्टा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई। जिसमे नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा की सहमति और भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय की अनुशंसा पर वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सनव्वर पटेल के निर्देश पर कार्यपालन अधिकारी भोपाल के हस्ताक्षर से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हबीब खान उर्फ हाफिज बब्बन साहब को नियुक्त किया गया। वही उपाध्यक्ष सलीम ठेकेदार रोशनपुरा को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष हारिस अली को बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो की नियुक्ति पर बधाई देने वालो मे मुख्य रूप से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ इदरीस खान नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुवर रायसिंह मेवाडा, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, शहर काजी फजले बारी साहब, इसरार अंसारी, तहसील वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मिर्जा फारूक बेग ,प्रवक्ता एवं मीडीया प्रभारी जहूर मंसूरी, पार्षद रवि शर्मा आदि लोगो ने बधाई दी।

# स्वच्छता अभियान के तहत किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पालिका परिषद आष्टा के अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 15 सार्वजनिक क्षेत्र कन्नौद रोड पर सभी होटल, रेस्टोरेंट और नगर वासियों को स्वच्छता के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया गया कि हमारे आष्टा नगर को स्वच्छता में अच्छी रैंक पर लाने के लिए सभी स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। रोड और खुले स्थान में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं करना चाहिए। सभी दुकानों पर डस्टबिन रखें और उसमें दुकानों से निकलने वाले कचरे को डाले। कचरे को इधर-उधर ना फैलाएं ना इधर उधर डालें। कचरे को हमेशा डस्टबिन में डालना चाहिए। हमारे आसपास के स्थान को स्वच्छ रखना चाहिए। आष्टा शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। जिससे कि हमारा आष्टा नगर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंक पर आए। इस अवसर पर ज्ञान सिंह बामनिया, योगी सक्सेना, विनोद कुमार, राजेश, रवि बड़ोदिया, अंकित पोरवाल, दीपक मालवीय, संजय श्रीवास्तव, करण मालवीय, किशन, पवन गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में आयोजित की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सूचना का अधिकार वह मुद्रा है जिसका प्रयोग कर आमजन शासकीय और अर्धशासकीय विभागों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लोकतंत्र के एक सजग नागरिक का परिचय दे सकते है। यह उद्गार शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय, आष्टा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सूचना के अधिकार पर कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. दीपेश पाठक वाणिज्य विभाग प्रमुख ने कही। उन्होंने बताया कि इस अधिकार का प्रयोग आप कब एवं कैसे कर सकते है। इसके सकारात्मक एवं पक्ष से रूबरू कराते हुए इस अधिकार का महत्व बताया है। विद्यार्थी समाज की एक महत्पूर्ण कड़ी है जो जागरूक रहकर समाज को भी जागरूक कर सकता है। इस अधिकार का प्रयोग जहां भ्रष्टाचार पर नियंत्रण रख सकता है वहीं लाल फीताशाही के चलते निर्णयों में विल्म्ब होने से अधिकार की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंदना शर्मा ने किया। उन्होंने युवा शक्ति को आव्हान करते हुए बताया कि सूर्योदय से पहले उठने से स्मरण शक्ति तो तीव्र होती है इस समय याद किया हुआ लंबे समय तक स्मरण रहता है, शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिस्क निवास करता है। जो भी विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम का आभार कार्यक्रम प्रभारी डॉ. बेला सुराणा ने किया। इस कार्यक्रम में अच्छी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# समाजसेवा के लिए हमेशा आगे रहता है श्री आदि जिन युवक चेरिटेबल ट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुम्बई में रहते हुवे एक अजेन परिवार को श्री आदि जिन युवक चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के द्वारा सिलाई व काच, पीकू, रफू,आदि करने के लिए के लिए एक आटोमेटिक सिलाई मशीन सिंगर कंपनी की सिलाई आदि काम करने के लिए दी गई। विपिन सिंघवी के माध्यम से श्री आदि जिनयुवक चेरिटेबल ट्रस्ट के भरत भाई मेहता, हितेश भाई संघवी नंद प्रभा वालो को निर्धन परिवार की जानकारी दी गई। भरत भाई और हितेश भाई, जयश भाई जरीवाला ने तीन दिवस के अंदर ही आटोमेटिक सिलाई मशीन आष्टा में उपलब्ध करवा दी गई। कंपनी के द्वारा प्रमोद भाई सिलाई मशीन लेकर भोपाल से आष्टा आए और सीमा बेन पत्नि सावंत सिंह बाय पास को ट्रेनिंग दी गई और सिलाई मशीन की संपूर्ण जानकारी दी गई। श्री आदि जिन युवक चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से गो शाला में भूसे के लिए तीस हजार रुपए भी दिए गए। गो शाला समिति की ओर से विपिन सिंघवी के द्वारा श्री आदि जिनयुवक चेरिटेबल ट्रस्ट का बहुत बहुत आभार वियक्त किया गया और हमेशा जब भी हम श्री आदि जिन युवक चेरीटेबल ट्रस्ट के मेंबरों को किसी भी अच्छे कार्य को करने के लिए जानकारी देते हे उनके द्वारा उस काम के लिए हमे जरूर मदद मिलती है हम समस्त पदाधिकारी का बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हे।

## श्रावक जनों ने नंदीश्वरदीप महामंडल विधान पर अर्ध्य अर्पित किया

# माता बच्चों को संस्कार देती है: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनि भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहा आप लोग मुनियों के सानिध्य व बहुत सारे साधनों के साथ धर्म - आराधना करते हुए अशुभ कर्मों का क्षय कर राग आदि को धर्म क्षेत्र के माध्यम से घटा रहे हैं।साक्षात जैन बिंब है। माता - पिता दोनों का दायित्व अपने बच्चों को संभालने का है, लेकिन माताजी का दायित्व अधिक है। माता ही बच्चे के मल -मूत्र को साफ करती है और संस्कार देती है। गुरु - गोविंद में अंतर है। मुनि सागर महाराज ने कहा कबीर ने कहा गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागूं पाय, गुरु बलिहारी आपकी गोविंद दियो बताए। गुरु के बगल में रहकर अर्जुन वह विद्या नहीं सिख पाया जो एकलव्य ने दूर से देखकर द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुष विद्या सीखी। द्रोणाचार्य ने एकलव्य से अंगूठा मांगा, उसने अंगूठा अपना काटकर दे दिया।बिंब अर्थात मूर्ति का भी महत्व है।बिंब का महत्व है। कृत्रिम और अकृत्रिम बिंब होते हैं।बिंब के दर्शन करने सारे देवता जाते हैं। मूर्ति पत्थर नहीं भगवान है। पत्थर मिले पूजे हरि मिले, कबीर पहाड़ पूजे मूर्ति भी न मिले।पर्व अंतरंग ओर बाहय से सफाई करने का माध्यम है। धर्म क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला है, पुण्य अर्जित करें। मुनिश्री ने कहा कि जब भी अवसर मिलें तो धर्म आराधना करने तथा संतों का सानिध्य प्राप्त करें। मंदिर एवं गुरु के पास जाएं तो अच्छा भाव रखें।

# देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी आगाज़-2 का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शुजालपुर रोड पर स्थित देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में ग्रेजुएशन सेरेमनी आगाज़ -2 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने किंडरगार्डन से प्राइमरी विंग में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत प्री -प्राइमरी कॉर्डिनेटर विनीता टिलवानी ने अभिभावकों के लिये ओरियंटेशन सेशन लिया। जिसका उद्देश्य अभिभावकों के सहयोग से छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा उज्जवल भविष्य का निर्माण करना है। इस अवसर पर यूकेजी के बच्चों ने मंच संचालन, नृत्य, गायन तथा बैंड, की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि बच्चों के प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उनमें नवीन, श्रेष्ठ, सृजनात्मक विचारों का प्रभाव होता है तथा बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए अभिभावकों तथा शिक्षकों को अपना अमूल्य योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।₹इस अवसर पर विद्यालय के संचालक ध्रुवकुमार तिवारी, वंदना त्रिपाठी (न्यायिक मजिस्ट्रेट), आशीष त्रिपाठी (एडीओपी) पायल अली, सैय्यद आदिल अली, डॉ संगीता सिन्हा, बहादुरसिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका पायल हाड़ा ने किया।

### एनएसएस इकाई द्वारा गोद ग्राम चाठा में तीन दशकों बाद हुए एनएसएस के आवासीय शिविर का समापन

# वक्ताओं ने रखे शिविर में अपने विचारः विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और प्रेरणा भी देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा में संचालित एनएसएस इकाई द्वारा गोद ग्राम चाठा में आयोजित सात दिन तक चले विशेष शिविर का समापन धूमधाम से हुआ। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके जैन के मुख्य आतिथ्य में इस विशेष शिविर का समापन हुआ। पूरे दिन तक निर्धारित कार्य योजना के अनुसार सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन किया। बौद्धिक सत्र में सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा से आए मोहन दांगी ने एड्स के कारण निदान आदि के बारे में उद्बोधन दिया। तत्पश्चात विद्यालय के सभागार में वाग्देवी मां शारदा भारत माता एवं ध्येय पुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई।

अतिथि स्वागत के बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केएन मीना ने 7 दिनों तक चले इस शिविर की विभिन्न कार्ययोजना कार्यक्रम एवं गतिविधियों का प्रतिवेदन विस्तार से सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. आरके गुप्ता ने सफल कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों की सहारना की। प्रो.



अरविंद भारद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर इससे पूर्व 80 के दशक में हुआ था। इस लंबे अंतराल के बाद विद्यार्थियों को जो शिविर में सीखने का अवसर और लाभ मिला है वह आगामी समय में इकाई एवं उसके स्वयं सेवक विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विद्यार्थियों को 15 से 16 घंटे नियमित व्यस्त रहकर विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कार्यों को करने पड़ते हैं। उनके कार्यों से समाज को प्रेरणा मिलती है। जिससे समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास होता है। मुख्य अतिथि डॉ. जैन ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयं सेवक अपनी पूरी ऊर्जा निस्वार्थ भावना से प्रेरित होकर उदाहरण पेश करते हैं, जिससे समाज सेवा पर्यावरण सुरक्षा बाल विकास नारी उत्थान आदि की भावना पैदा होती है। इस निश्चल भावना से किए गए कार्यों से ग्रामीण जनों का दृष्टिकोण परिवर्तित होता है और देश विकास की ओर अग्रसर होता है। एमएस सैफी ने एनएसएस इकाई के शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन्होंने मतदाता जागरूकता नशा मुक्ति ऊर्जा संरक्षण आदि ज्वलंत विषयों पर नुक्कड़ नाटक करके जनमानस का ध्यानाकर्षण किया है। मंचासीन अतिथियों ने इस सफल शिविर के सफलतम समापन का श्रेय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केएन मीना एवं उनकी पूरी टीम को दिया। डॉ. इंदु गुप्ता ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किये। कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का आभार माना। संचालन दलनायक नायक सागर सेन, जयश्री मेवाड़े एवं आस्था बिकावत ने किया।

#### प्रथम, द्वितीय आए शिविरार्थियों को किया सम्मानित

*निबंध प्रतियोगिता में आस्था बिकावत प्रथम एवं राहुल दांगी द्वितीय, भाषण भाषण प्रतियोगिता में ईशा सौंधिया प्रथम, आस्था बिकावत द्वितीय, चित्रकला प्रतियोगिता में मधु वर्मा प्रथम, हेमलता सेन द्वितीय, पोस्टर मेकिंग मधु वर्मा प्रथम, आयुषी गुप्ता द्वितीय, वाद विवाद आस्था बिकावत प्रथम, आयुषी गुप्ता द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया।*

#### यह रहे मौजूद

*इस अवसर पर डॉ. भारती सेंगर, डॉ. अवधेश टुंडेलकर, हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य संजय यादव, डॉ. एचएल प्रजापति, रामरतन कुशवाह, सचिन मीना, राहुल दांगी, आयुषी गुप्ता, हरीश गौड़ आदि राष्ट्र सेवा योजना इकाई के शिविरार्थियों के साथ-साथ विद्यालय एवं महाविद्यालयीन परिवार उपस्थित था।*

## स्टाफ नर्स की सेवाएं समाप्त एएनएम की वेतनवृद्धि रोकी

### जांच में पाई गई थी दोषी, सीएमएचओ ने जारी किया आदेश




**राजगढ़।** एक महिला की डिलेवरी के दौरान बरती गई गंभीर लापरवाहियों पर एक संविदा स्टाफ नर्स की सेवाएं जांच के बाद समाप्त कर दी गई हैं। कलेक्टर के आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने संबंधित संविदा स्टाफ नर्स का अनुबंध समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही एक एएनएम की वार्षिक वेतनवृद्धि भी रोकी गई है। जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर 2022 को नाईहेड़ा ग्राम निवासी श्रीमती बिंदाबाई पत्नी रामनिवास देशवाली को डिलेवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुरावर में भर्ती करवाया गया था। प्रसूता बिंदाबाई की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक थी। सुबह के समय एएनएम विनीता पांडे द्वारा बिंदाबाई को भर्ती किया गया। सुबह से दोपहर तक प्रसूता दर्द से कराहती रही। दोपहर में 2 बजे संविदा स्टाफ नर्स आरती अहिरवार ड्यूटी पर आई। चूंकि, प्रसूता की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक थी तो उसे रेफर कर दिया जाना चाहिए था लेकिन नहीं किया गया। रात्रि में महिला की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई कि फिर भोपाल भी रेफर नहीं किया जा सकता था।

#### जांच प्रतिवेदन में दोषी पाई गई स्टाफ नर्स

इस मामले में प्रसूता के पति रामनिवास द्वारा बाद में पूरी लापरवाहियों की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई। शिकायत की जांच के लिए कमेटी गठित हुई। कमेटी ने स्टाफ नर्स आरती अहिरवार को पूरे मामले को दोषी पाया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला स्वास्थ्य समिति एवं कलेक्टर के निर्णय पर श्रीमती अहिरवार की सेवाएं विभाग ने समाप्त कर दी हैं। वहीं एएनएम विनीता पांडे की एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के भी आदेश सीएमएचओ ने जारी किए हैं।

## आपसी प्रेम व सद्भावना के साथ मनाएं होली सहित अगामी त्यौहार



**सारंगपुर।** शुक्रवार को नवागत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने सारंगपुर अनुभाग के पुलिस थानों का भ्रमण कर एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी अरविंद्र सिंह तथा थाना प्रभारी संतोष बाघेला के साथ बैठक कर पुलिस व्यवस्थाओं सहित अगामी त्यौहारो को लेकर बैठक की। बैठक के बाद एसपी मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की सभी समुदाय के लोग अगामी त्यौहार होली,रंगपंचमी, ईद और नवरात्र आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ मनाएं। साथ ही कहा की राजगढ़ जिले का इतिहास रहा की सभी त्यौहार शांतिपूर्ण और सद्भाव से मनाते हैं इस वर्ष भी सभी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मानने की अपील की और कहा की मुझे विश्वास है की अगामी त्यौहार को आप सद्भाव के साथ मनाएंगे। इसके साथ ही लोकतंत्र का सबसे अच्छा त्यौहार भी अगामी 7 मई को हैं जिसमें सभी मतदाता शांति पूर्ण तरीके से अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करे। तथा थाने पर पुलिस बल की कमी होने पर पुलिस अधीक्षक ने कहा की सारंगपुर में ही नही जिले के सभी थानों में पुलिस बल की कमी हैं। जिसे हम पूरी करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह थाना प्रभारी संतोष बघेला मौजूद थे।

### आरोपी गिरफ्तार

## चोरी गए ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बरामद किया

**सारंगपुर।** अज्ञात चोर द्वारा फरियादी का ट्रैक्टर ट्रॉली चुरा लिया गया। जिसकी फरियादी ने स्वयं उपस्थित होगा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। जैसे ही पुलिस को जानकारी लगी पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर चोरी गए ट्रैक्टर की तलाशी अभियान प्रारंभ किया। इस दौरान सारंगपुर पुलिस को चोरी गए ट्रैक्टर एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त जानकारी देते हुए एसडीओपी अरविन्द्र सिंह ने बताया की थाना प्रभारी सारंगपुर व उनकी टीम को चोरी गए ट्रैक्टर ट्रॉली को 24 घण्टे के भीतर बरामद कर चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। घटना का विवरण देते हुए सिंह ने बताया कि 22 मार्च को फरियादी राजेश पिता बाबूलाल गुर्जर निवासी रजावता थाना मोहन बडोदिया ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 22 मार्च को रात 12.30 बजे मैं ट्रैक्टर क्र. एमपी 42 एए 9644, 275 महेन्द्रा लाल रंग का व ट्राली को घीसू लववंशी की दुकान के सामने जयनगर सारंगपुर में खडा करके नदी पर शौच करने गया था। जब वापस आया तो ट्रैक्टर वहां नही दिखा। मैने ट्रैक्टर को आसपास तलाश किया जो नही मिला। ट्रैक्टर-ट्राली तलाश करते समय मुझे धर्मेंद्र पिता घीसू लववंशी नि. जयनगर सारंगपुर मिला जिसने बताया कि एक ट्रैक्टर ट्राली को संदीप लववंशी लेकर भागा है। फरियादी की रिपोर्ट पर कायम कर आरोपी की तलाश पतारशी कर आरोपी संदीप पिता देवीसिंह लववंशी को 24 घंटे के भीतर जयनगर से गिरफ्तार कर आरोपी के द्वारा चोरी किये गये ट्रैक्टर चोरी को पाडल्या माता के पास से जप्त करने में सफलता हासिल की है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना सारंगपुर संतोष सिंह वाघेला व सउनि हरिनारायण यादव, सउनि अनिल सिसौदिया (थाना लीमाचैहान), प्रआर सतीष परमार, आर. रवि शर्मा, का योगदान रहा।

## पुलिस ने एसएसटी पॉइंट से चेकिंग के दौरान अवैध गांजा लेकर जा रहे तस्कर को वाहन सहित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नवागत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा व एसडीओपी सारंगपुर अरविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सारंगपुर व उनकी टीम को अवैध गांजा एक टाटा पंच वाहन के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

घटना की जानकारी देते हुए एसडीओपी श्रीसिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान लगाए गए चेकिंग पॉइंट पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 21 मार्च को अवैध रूप से मादक पदार्थ का परिवहन करते हुए एक आरोपी को वाहन सहित गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्य में उनि गुडडू कुशवाह, उनि आरपी मिश्रा, श्याम शर्मा, मिथुन, राकेश धाकड़ एवं निर्मल कासदे सहायक पशु चिकित्सक, होकमसिंह भिलाला पशु परिचालक के साथ काछीखेडी एसएसटी पाइंट पर चैकिंग ड्युटी में थे। इस दौरान सारंगपर तरफ से एक ग्रे कलर की टाटा पंच कार जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी-13 जेड 1646 आई जिसके चालक ने पुलिस को देखकर अपनी कार को घबराकर रिवर्स लिया जो घबराने की वजह से




गाड़ी बंद हो गई जिसको मय फोर्स के समक्ष पंचान के समक्ष चैक करने पर गाड़ी की पीछे वाली डिग्गी में प्लास्टिक की तीन बोरिया रखी मिली जिनमें टैप से लिपटे हुए कुल 13 पैकेट रखे होना पाये गए। पैकेटो को उठाकर देखने पर उनके अंदर रखे मादक पदार्थ में से गांजा जैसी गंध आने लगी। इस संबंध में उक्त वाहन के चालक का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सोनू उर्फ सुनील जोशी पिता घनश्याम जोशी उम्र 32 साल निवासी उदनखेड़ी थाना पचोर का होना बताया सोनू ऊर्फ सुनील के कब्जे से कुल 24 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 2 लाख 45 हजार रूपये तथा गांजे के परिवहन में उपयोग की टाटा पंच कार को समक्ष विधिवत मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे में लिया। उक्त आरोपी सोनू उर्फ सुनील जोशी को मौके पर मुताबिक गिरफ्तारी पंचनामा के गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी संतोष सिंह बघेला सहित उनकी टीम की भूमिका रही।

## महायज्ञ निमित्त ग्राम देवता पूजन, भूमिपूजन और चढ़ाया इंद्र ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ माता बीजासन धाम पर होने वाले तृतीय 108 कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए सर्व प्रथम पटेल भागीरथ नागर के द्वारा ग्राम देवताओं का पूजन कराया गया। महायज्ञ की सफलता की कामनाओं के लिए खेड़ापति हनुमान सरकार की पूजन सुबह की गई, उसके उपरांत माता बीजासन के दरबार पहुंच कर यज्ञ आचार्य पंडित इंद्रजीत परासार,पंडित संजय कृष्ण शास्त्री एवं ग्रामआचार्य पंडित श्याम पाठक के नेतृत्व में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, पटेल भागीरथ नागर सहित अन्य के द्वारा माता बीजासन की पूजा अर्चना की गई। माता के दरबार में पूजन के पश्चात इंद्र ध्वज को गाजे बाजे के साथ माहयज्ञ स्थल पर



लेजाया गया। यज्ञ स्थल पर ध्वज पूजन के बाद विधि विधान से भूमिपूजन कर इंद्र ध्वज चढ़ाया गया।

ज्ञात हो की इस वर्ष दिनांक 9 अप्रेल से 17 अप्रेल तक सुबह 8 बजे से 12 तक यज्ञ आहुति दी जाएगी एवं 12 बजे से तिन बजे तक पंडित श्याम स्वरूप मनावत श्री राम कथा का आयोजन होगा। एवं दोपहर तिन बजे से शाम सात बजे तक पुनः यज्ञ आहुति दी जाएगी। महायज्ञ में यज्ञ आहुति पर बैठने के लिए समिति द्वारा गांव गांव वा नगरो में जाकर सम्पर्क किया जय रहा है। समिति सदस्य रवि नागर ने अपील की है की जिस भक्त को यज्ञ आहुति पर बैठना है वो समिति सदस्यों से या माता बीजासन धाम पर स्थित महायज्ञ कार्यालय आकर अपना रजिस्ट्रेशन कार्यालय प्रमुख दुर्गेश प्रजापति से करवा सकते हैं। वहीं समिति के यज्ञशाला प्रभारी घनश्याम नागर ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अपील करते हुए इस पुनीत कार्य में बदचड़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## निष्पक्ष और निडर होकर मतदाताओं के लिए जागरूक करने महिलाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट परिसर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं द्वारा बाइक रैली निकाली। वाहन रैली को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में शामिल महिलाओं ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वोटरों से अपील की गई कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष, निडर होकर तथा लालच या लोभ, बिना प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग जरूर करें। इस लोकतंत्र के पर्व के भागीदार बनें। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि जिले स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है, ताकि लोग को मतदान के लिए जागरूक किया जा सके। गुरुवार को महिला बाल विकास की शहरी परियोजना के द्वारा मतदाताओं को



जागरूक करने के लिए दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया, जो शहर का भ्रमण करने के साथ ही पूरे जिले में मतदाताओं को जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास है कि विदिशा जिले में सर्वाधिक मतदान हो।

## जालपा माता को शीश नवाने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह

### छापीहेड़ा जाते समय पहुंचे जालपा धाम



**राजगढ़।** राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार बनाए जाने की सुगबुगाहट के बीच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शुक्रवार दोपहर सिद्धपीठ जालपा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने माता के दरबार में मत्था टेककर पूजा-अर्चना करते हुए मैया का आशीर्वाद लिया।

सिंह इसके उपरान्त छापीहेड़ा में आयोजित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक में सम्मिलित होने पहुंचे। यहां उनके द्वारा कहा गया कि वे राजगढ़ सीट के लिए कांग्रेस से और भी उम्मीदवार हैं लेकिन पार्टी का आदेष उन्हें मानना पड़ेगा। अपने इस वक्तव्य से सिंह ने लगभग जाहिर कर दिया है कि वे ही भाजपा प्रत्याषी रोड़मल नागर के सामने चुनाव लड़ेंगे। इस दौरान दिग्विजय सिंह के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, अशोक वर्मा, सौभाग सिंह, रचना भार्गव सहित कई इंका पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### दिग्विजय सिंह के अनुज भी आए थे राजगढ़

आपको बतादें कि एक हफ्ते पहले जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड की बिजली दो घंटे तक गुल रही थी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज एवं पूर्व सांसद उक्त लापरवाही को लेकर दूसरे ही दिन जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखने अचानक पहुंचे थे। उसी समय से राजनैतिक गलियारों में सिंह के राजगढ़ से चुनाव लड़ने की अटकले तेज हो गई थी।

### विद्यार्थियों ने नाटक, एकांकी व अन्य गतिविधियों से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया

## समाजसेवा भाव के साथ देवझिरी में आयोजित हुआ एनएसएस शिविर, आयोजित हुई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय समीपस्थ ग्राम देवझिरी में गत 18 मार्च से शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई (एनएसएस) के शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं में समाजसेवा का भाव जागृत करने कई तरह की विधाओं, कार्यों, गतिविधियां भी आयोजित करवाई जा रही हैं।

इस दौरान छात्र-छात्राएं न केवल ग्रामीण परिवेश, संस्कृति, संस्कारों से परिचित हो रहे हैं बल्कि विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीणों को नातरा-झगड़ा, दहेज प्रथा, मृत्युभोज आदि कुप्रथाओं से अवगत करा रहे हैं। शिविर की थीम स्वास्थ्य जन स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं मतदाता जागरुकता रखी गई है। विद्यार्थियों ने नाटक, एकांकी व अन्य गतिविधियों से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया। इसके साथ ही मतदान क्यों




आवष्यक है इस हेतु भी ग्रामीणजनों को जाग्रत किया। शिविर में प्रतिदिन प्रभात फेरी, श्रमदान, स्वच्छता अभियान, मंदिर जीर्णोंद्धार के साथ ही बौद्धिक विकास सत्र आयोजित कि गए। इस दौरान उपस्थित हुई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने बच्चों को मार्गदर्षित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली पर अपने उद्धगार व्यक्त किए।

#### एडवोकेट ने बताईं कानून की बारीकियां

शिविर में बच्चों को बार काउन्सिल के सचिव महेंद्र मेवाड़े ने कानून की बारीकियों एवं मानव अधिकारों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला संगठन डॉ. शैलेंद्र मेवाड़े ने एनएसएस शिविर की अवधारणा एवं रूपरेखा को प्रतिपादित किया। इस अवसर पर जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पाल, डॉ. भकोरिया, सुनील वर्मा, ऋषि विजयवर्गीय, डॉ. सुभाष दांगी, सोनिया, राहुल भैसानिया सहित शिविरार्थी राजन गुजरानिया, तुषार साहू आनंद शर्मा, राजमोहन नरवरिया, पिंटू वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।